



# शहर में दूषित जलापूर्ति की शिकायतों पर भड़के महापौर

## जिम्मेदारों को 2 दिन में व्यवस्था सुधारने का अल्टीमेटम अन्यथा होगी कड़ी कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सतना 6 जुलाई. कहीं मटमैला, कहीं मटमैला हरा तो कहीं मटमैला भूरा और झागदार पेयजल की आपूर्ति की शिकायतें सोमवार को शहर के अलग अलग स्थानों से सामने आईं. यह जानकारी सामने आते ही महापौर भड़क गए और सीधे ही जल शोधन केंद्र की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए जलापूर्ति से संबंधित जिम्मेदारों को जमकर फटकार लगाई. इतना ही नहीं बल्कि ठेका कंपनी के साथ ननि के जिम्मेदारों को व्यवस्था में सुधार करने के लिए 2 दिन का अल्टीमेटम दे दिया.**

शहर के पुष्पराज कालोनी, वार्ड क्र. 44 गंधी गली और बगहा क्षेत्र में हो रही दूषित पेयजल की आपूर्ति का वीडियो सोमवार की सुबह से ही सोशल मीडिया में वाइरल होने लगा. जिसके जरिए यह जानकारी महापौर योगेश ताम्रकार के पास तक पहुंची. मामले की गंभीरता को देखते हुए महापौर सीधे रीवा रोड स्थित जल शोधन केंद्र पहुंच गए. जहां पर महापौर ने पार्षद आदित्य यादव और शारदा तिवारी के साथ पेयजल शाखा प्रभारी रोज प्रताप सिंह की मौजूदगी में जल शोधन से संबंधित प्रक्रियायों का गहन निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान लापरवाही सामने आने पर उन्होंने वहां पर मौजूद कर्मचारियों के साथ चर्चा शुरु की. शहर के कई क्षेत्रों में दूषित जलापूर्ति के मामले पर जब महापौर ने सवाल किया तो ठेका कंपनी के कर्मचारियों सहित ननि के कर्मचारियों का रवैया एक दूसरे पर पल्ला झाड़ने वाला पाया गया. यह सुनकर महापौर भड़क गए और ननि के अधिकारियों-कर्मचारियों समेत ठेका कंपनी कृष्णा कंस्ट्रक्शन के कर्मचारियों पर भड़क गए. महापौर ने फटकार लगाते हुए कहा कि एक दूसरे पर जिम्मेदारी मढ़ने और गुटबाजी दिखाने का खेल अब नहीं चलेगा. यदि नगरवासियों को दूषित पेयजल की आपूर्ति हो रही है तो इसकी जवाबदेही तय की जाएगी. इसी कड़ी में महापौर ने ननि के जल प्रदाय शाखा के कर्मचारियों को सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि इस तरह की गंभीर लापरवाही को देखते हुए संबंधितों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी की जाएगी. यदि संतोषजनक जवाब नहीं मिलता है तो कार्रवाई के लिए तैयार रहें. इसके साथ ही महापौर ने ठेका कंपनी के कर्मचारियों को भी दो टूक लहजे में चेतावनी दी कि यदि दो दिन के भीतर व्यवस्था नहीं सुधरी तो कंपनी का टेंडर निरस्त करने की कार्रवाई की की जाएगी.



### इनका कहना है

शहर में जलापूर्ति के संबंध में निश्चत तौर पर इस तरह की शिकायतें मिल रही हैं इसी संदर्भ में मैं आज फिल्टर प्लांट भी गया था. यदि 3 दिन में जवाब नहीं आता तो टर्मिनेशन की कार्रवाई की जाएगी.

**योगेश कुमार ताम्रकार,**
महापौर सतना

### प्रभारी को हटाने की मांग

शहर में दूषित जलापूर्ति के मामले को लेकर एक ओर जहां महापौर के सख्त तेवर देखने को मिले वहीं दूसरी ओर वार्ड क्र. 25 की पार्षद श्रीमती नम्रता सिंह ने भी जल प्रदाय प्रभारी रोज प्रताप सिंह को हटाने की मांग कर दी. पार्षद के अनुसार पिछले कई महीनों से शहर में अत्यंत गंदा और दुर्गंधयुक्त पानी आने की शिकायत कई बार की जा चुकी है. लेकिन जल प्रदाय प्रभारी द्वारा समस्यायों के निराकरण में कोई दिलचस्पी नहीं ली जा रही है. लिहाजा जनहित को देखते हुए जल कार्य का प्रभारी किसी अन्य अधिकारी को दिया जाए. इसके साथ ही जल प्रदाय शाखा में जो भ्रष्टाचार पूर्व में हुआ है उसकी जांच लोकायुक्त से कराया जाए.

# शोरूम से बाइक खरीदकर जा रहा युवक डिवाइडर से टकराया

## सिर में गंभीर चोट आने से मौके पर हुई मौत

नवभारत न्यूज

**सतना, 6 जुलाई. मैहर जिले के रामनगर थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक सड़क हादसे में 26 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई।**



यह हादसा छिरहाई गांव के पास उस समय हुआ, जब युवक शोरूम से नई रेसर बाइक खरीदकर अपने घर लौट रहा था। तेज रफ्तार बाइक अचानक बेकाबू होकर सड़क किनारे बने डिवाइडर से जा टकराई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान हिनौती निवासी शैलेन्द्र साकेत पिता राधिका साकेत (26) के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि शैलेन्द्र सोमवार को ही मैहर स्थित एक एजेंसी से नई होंडा सीबी 125 हॉरनेट बाइक खरीदकर खुशी-खुशी अपने घर वापस जा रहा था। रामनगर थाना क्षेत्र के छिरहाई गांव के पास पहुंचते ही अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ा और वह सीधे डिवाइडर में जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि हेलमेट न होने और सिर में गंभीर चोट आने के कारण शैलेन्द्र ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे को देखकर मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई।

### मना कर रहे थे परिजन

परिजनों के अनुसार घर मे निर्माण कार्य होना था, घर वालों ने कहा था कि घर बन जाए फिर गा?ी खरीद लेना। युवक राजकोट में क्रेन ऑपरेटर था। उसकी की शादी नहीं हुई है। शैलेन्द्र की 4 बहनें हैं। सभी की शादी हो गई है। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती तौर पर बाइक की तेज रफ्तार और अनियंत्रित होना ही हादसे का कारण माना जा रही है।

# परिजनों ने लगाया चिकित्सक पर मारपीट का आरोप

## शहर के पन्ना नाका क्षेत्र में स्थित निजी हॉस्पिटल का मामला

नवभारत न्यूज

**सतना, 6 जुलाई. शहर के पन्ना नाका स्थित पूजा हॉस्पिटल एक बार फिर विवादों में घिर गया है। सोमवार रात अस्पताल परिसर में मरीज के परिजनों और चिकित्सक के बीच हुए विवाद का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला सुर्खियों में आ गया। घटना के बाद अस्पताल में हड?प की स्थिति बन गई।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, चित्रकूट निवासी राहुल सिंह ने आरोप लगाया है कि उनके 78 वर्षीय दादा आरएम सिंह का इलाज पूजा हॉस्पिटल में चल रहा था। स्पाइन संबंधी बीमारी से पीड़ित मरीज के घर में गिर जाने से सिर पर गंभीर चोट लग गई थी, जिसके बाद उन्हें सोमवार सुबह अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

परिजनों के मुताबिक, चिकित्सकों ने प्रारंभिक जांच के बाद शाम को ऑपरेशन करने की बात कही थी। इसके लिए मरीज का सीटी स्कैन, एमआरआई सहित अन्य जांचें कराई गईं और भर्ती व उपचार के मद में 10 हजार रुपये भी जमा कराए गए। आरोप है कि जब शाम को परिजनों ने ऑपरेशन को लेकर चिकित्सक से जानकारी मांगी, तो उन्हें बताया गया कि मरीज की प्लेटलेट्स कम होने के कारण यहां ऑपरेशन संभव नहीं है और बेहतर उपचार के लिए बाहर रेफर करना पड़ेगा। इसी बात को लेकर परिजनों और अस्पताल के चिकित्सक डॉ. नितिन के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते विवाद में बदल गई। परिजनों का आरोप है कि विवाद के दौरान चिकित्सक ने अभद्र व्यवहार करते हुए उनके साथ मारपीट की। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिससे मामले ने तूल पकड़ लिया है।





### आगे स्पष्ट होगी स्थिति

हालांकि, इस संबंध में अस्पताल प्रबंधन या चिकित्सक की ओर से समाचार लिखे जाने तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई थी। मामले को लेकर पुलिस में शिकायत की गई है या नहीं, इसकी पुष्टि भी फिलहाल नहीं हो सकी है। यदि शिकायत दर्ज होती है तो पुलिस जांच के बाद ही पूरे घटनाक्रम की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# उच्च न्यायालय के अधिवक्ता के घर से 37 लाख नकदी पार

## सीसीटीवी के 7 कैमरे भी उखाड़े, डीवीआर की फुटेज से जांच में जुटी पुलिस

नवभारत न्यूज

**सतना 6 जुलाई. कोलगवां थाना अंतर्गत सोनौरा डीपीएस स्कूल के निकट रहने वाले और उच्च न्यायालय जबलपुर के अधिवक्ता के घर में चोरोकं ने धावा बोलते हुए वहां पर रखी 37 लाख रु की नकदी समेत सोने-चंदी के आभूषण पार कर दिए. इतना ही नहीं बल्कि चोरों ने घर में लगे 7 सीसीटीवी कैमरे भी उखाड़ लिए. इस संबंध में अधिवक्ता द्वारा लिखित आवेदन दिए जाने पर पुलिस द्वारा जांच कार्रवाई शुरु कर दी गई है.**

उच्च न्यायालय जबलपुर में विधि व्यवसाय करने वाले और सोनौरा क्षेत्र के निवासी रजनीश शर्मा द्वारा सोमवार को कोलगवां थाने में लिखित आवेदन दिया गया कि 2 जुलाई की रात 1:56 बजे संजय कुमार गर्ग उर्फ संजू निवासी धवारी अपने कुछ साथियों के साथ उनके घर में घुसा था. चोर उनके घर के पीछे से तार की बाउण्ड्री वाल को काटकर अंदर घुसे और छत का दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया. जिसके बाद उनके कार्यालय का दरवाजा खोलकर लॉकर तोड़ा और वहां पर रखे 37 लाख रु चुरा ले गए. इसके साथ ही घर में लगे 7 सीसीटीवी कैमरे भी चोर उखाड़ ले गए. जबकि 2 सीसीटीवी कैमरे और डीवीआर बचे रह गए. जिसकी फुटेज देखने पर आरोपी के बारे में जानकारी मिल सकी. इसी कड़ी में अधिवक्ता द्वारा सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को सौंप दिए गए. अधिवक्ता के अनुसार जमीन के एक सौदे के लिए 37 लाख रु घर में रखे हुए थे. जिन्हें किसी को सौंपना था. जाहिर है कि उक्त मामला किसी की जानकारी में रहा होगा.



### दो संदेही हिरासत में

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की टीम ने संदेहियों की तलाश शुरु कर दी. कड़ी मशक्कत करते हुए पुष्पराज कालोनी से दो संदेहियों को उठा लिया गया. जिनसे की गई पूछताछ में चोरी की घटना स्वीकार कर ली. पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में सदेहियों ने यह भी उगल दिया कि जिस व्यक्ति पर अधिवक्ता द्वारा नामजद आरोप लगाए गए हैं, दराअसल वह घटना का मुख्य आरोपी है. लिहाजा पुलिस द्वारा उसकी सरगर्मी से तलाश शुरु कर दी गई है.

# सडक सुरक्षा समिति की बैठक 9 को

**सतना 06 जुलाई.** जिला स्तरीय सडक सुरक्षा समिति सतना की बैठक कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में 9 जुलाई को प्रात: 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सतना में आयोजित की जायेगी। बैठक में रोड सेफ्टी, हिट एण्ड रन, पीएम राहत, जीरो फेटेल्टी एवं कैशलेस ट्रीटमेंट आदि के संबंध में समीक्षा की जायेगी।

# हटाए गए अकुशल मजदूर, कुशल मजदूर जोड़ेंगे एक्स्पांशन ज्वॉइंट

**खबर का असर**

नवभारत न्यूज

**सतना, 6 जुलाई. राष्ट्रीय राजमार्ग 39 में सतना- बेला मार्ग पर आरओबी के ऊपर क्षतिग्रस्त हो चुके एक्स्पांशन ज्वॉइंट की मरम्मत कर रहे कम उम्र के मजदूरों को हटा दिया गया है।**

कार्यपालन यंत्री भूपेन्द्र सिंह लोधी ने नवभारत की खबर का संज्ञान लेते हुए तत्काल अकुशल मजदूर हटाते हुए निर्देश दिए हैं कि ब्रेकर मशीन चलाने और निर्माण कार्य में कुशल मजदूरों से ही काम लिया जाए। सोमवार को मजदूरों की बदली के बाद एक्स्पांशन ज्वॉइंट की मरम्मत का काम तेजी से होने लगा है। गौरतलब है कि सतना- बेला फोरलेन मार्ग (एनएच-39) का निर्माण कार्य 28 फरवरी 2021 को पूरा कर लिया गया था। यह आधिकारिक जानकारी विभाग की ओर से दी गई है। साथ ही बताया है कि वर्तमान में उक्त आरओबी के एक्स्पांशन ज्वॉइंट के क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण उसकी मरम्मत/प्रतिस्थापन का कार्य कराया जा रहा है। मरम्मत कार्य के अंतर्गत क्षतिग्रस्त एक्स्पांशन ज्वॉइंट को ब्रेकर मशीन की सहायता से सावधानी पूर्वक हटाकर उसके स्थान पर तकनीकी विनिर्देशों के अनुरूप नया एक्स्पांशन ज्वॉइंट स्थापित किया जा रहा है।

### सस्ते पड़ते हैं अकुशल मजदूर

जानकार बताते हैं कि निर्माण कार्य में कम उम्र के साधारण मजदूर सस्ते पड़ते हैं, जबकि एक्स्पांशन ज्वॉइंट की मरम्मत करने के लिए कुशल और वयस्क मजदूरों की आवश्यकता होती है। कुशल मजदूरों की मजदूरी भी अधिक होती है, शायद उसी रकम को बचाने के लिए बिना उच्च अधिकारियों को बताए यहां कम उम्र के सस्से मजदूरों से काम कराया जा रहा था।

# मानसून से पहले रेलवे का विशेष निरीक्षण अभियान

## गंदगी हटाने और सुरक्षा इंतजाम दुरुस्त करने के दिए गए निर्देश

नवभारत न्यूज

**सतना, 6 जुलाई. विंध्य क्षेत्र के सबसे व्यस्त रेलवे स्टेशन सतना में मानसून सीजन को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बरसात के दौरान यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और रेल संचालन सुचारु बना रहे, इसके लिए सोमवार को रेलवे अधिकारियों ने स्टेशन परिसर और रेल पटरियों का व्यापक निरीक्षण किया।**

निरीक्षण के दौरान डीएम मन्टू कुमकार, एरिया मैनेजर सहित रेलवे के कई विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म, ट्रैक, जल निकासी व्यवस्था और यात्रियों की सुविधाओं का जायजा लेते हुए संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

खासतौर पर बरसात के दौरान जलभराव और गंदगी की समस्या से निपटने के लिए विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया। रेल अधिकारियों ने स्टेशन परिसर में सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान रेल पटरियों के आसपास जमा कचरा और झाडि?ीं को तत्काल हटाने के निर्देश भी दिए गए, ताकि बारिश के समय किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। अधिकारियों ने आउटसोर्स कर्मचारियों को साफ-सफाई में लापरवाही नहीं बरतने की चेतावनी देते हुए नियमित मॉनिटरिंग करने को कहा।



### अनुरक्षण पर भी नजर

निरीक्षण के दौरान स्टेशन परिसर में यात्रियों की सुरक्षा और सुविधाओं पर भी विशेष चर्चा हुई। अधिकारियों ने प्लेटफॉर्म पर फिसलन रोकने, पानी निकासी की समुचित व्यवस्था बनाए रखने और विद्युत उपकरणों की जांच समय पर करने के निर्देश दिए। रेलवे प्रशासन का कहना है कि मानसून के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए स्टेशन स्तर पर तैयारी पूरी रखी जाएगी।



# प्रिज्म को पसंदीदा कार्यस्थल के प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित किया गया

नवभारत न्यूज

**सतना, 6 जुलाई. प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड को उत्कृष्ट कार्य संस्कृति एवं कर्मचारी-केंद्रित संगठनात्मक मूल्यों के लिए 'सबसे पसंदीदा कार्यस्थल 2026-27' के प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित किया गया है।**

यह प्रतिष्ठित सम्मान टीम मार्क्समेन नेटवर्क द्वारा ई. एंड वाई. एवं कोहेरेंट मार्केट इनसाइट्स (रिसर्च पार्टनर) के सहयोग से आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। इस आयोजन में इंडिया टुडे, ई. एंड वाई. तथा बिजनेस स्टैंडर्ड जैसी अग्रणी संस्थाओं ने सहभागिता की। प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड की ओर से यह सम्मान श्री राकेश जैन, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं सीईओ - सीमेंट, शरत चांडक, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं सीईओ - जॉनसन टाइल्स, संजय राय, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं सीईओ - आरएमसी, प्रवीर कुमार रे, एडवाइजर, तथा डॉ. मनीष कुमार सिन्हा, हेड - एचआरएम एवं कॉर्पोरेट अफेयर्स एवं हेड - कॉर्पोरेट एचआर, आरूण्यम बिहेवियरल स्पेस्लिस्ट एलएलपी के करकमलों से प्राप्त किया। प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के डीजीएम - सीएसआर एंड पब्लिक रिलेशन देवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि यह सम्मान उन संस्थानों को प्रदान किया जाता है जो उत्कृष्ट कार्यस्थल संस्कृति, कर्मचारी संतुष्टि, प्रतिभा विकास एवं प्रभावी मानव संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हैं। इस सम्मान के छठे संस्करण में देश की अग्रणी कंपनियों को यह प्रतिष्ठित मान्यता प्रदान की गई, जिनमें प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड भी शामिल है।

### एक नजर में



## उत्थान फाउंडेशन ने वितरित किए छाते

**सतना।** समाजसेवा के क्षेत्र में कार्यरत उत्थान सेवा फाउंडेशन द्वारा सड़क किनारे छोटे व्यवसाय करने वाले दुकानदारों एवं ठेला विक्रेताओं को धूप और बारिश से बचाव हेतु छातों का वितरण किया गया। इस सेवा अभियान का उद्देश्य मेहनतकश लोगों को मौसम की मार से राहत प्रदान करना है। इस अवसर पर फाउंडेशन के अध्यक्ष विकल्प सिंह एवं उनके युवा साथियों ने स्वयं उपस्थित होकर जरूरतमंद दुकानदारों को छाते वितरित किए तथा समाज के सक्षम लोगों से भी ऐसे जनहितकारी कार्यों में सहयोग करने की अपील की।

## पूर्व प्राचार्य लालमणि द्विवेदी को मातृ शोक

**सतना।** सरस्वती शिशु मंदिर माधवगढ़ के पूर्व प्राचार्य एवं संयुक्त सचिव लालमणि द्विवेदी की माता दुईजी द्विवेदी का 105 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। विगत कई दिनों से अस्वास्थ्य चल रही थी रविवार को दोपहर उनका अंतिम संस्कार गृह निवास वार्ड क्रमांक 37 डीलौरा में किया गया।शोक व्यक्त करने वालों में सांसद गणेश सिंह,महापौर योगेश ताम्रकार ,भाजपा जिला अध्यक्ष भगवती पांडेय,सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा, कमलाकर चतुर्वेदी ,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष गगनेंद्र प्रताप सिंह,उमेश प्रताप सिंह लाला, रत्नाकर चतुर्वेदी,राजनारायण तिवारी, राजेश दुबे,मनीष तिवारी,बद्री पांडेय, धर्मेन्द्र सिंह सहित आसपास के ग्रामीण जनों ने शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की है।





## फोटोग्राफी ट्रेड एसोसिएशन ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

**सतना।** समाजसेवा का प्रेरणादायी संदेश देते हुए सतना फोटोग्राफी ट्रेड एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेन्द्र तिवारी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर रविवार को सरदार वल्लभभाई पटेल चिकित्सालय, सतना स्थित ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान किया। उनके इस प्रेरक कदम से प्रेरित होकर एसोसिएशन के सदस्यों ने भी रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर में कुल 13 रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के लिए अपना अमूल्य योगदान दिया। रक्तदान करने वालों में वीरेन्द्र तिवारी, सोमदेव मिश्रा, शंकर वर्मा, रोहित सिंह, दीपक गुप्ता, विनीत सोनी, रामचंद्र गुप्ता (रामू), प्रदीप चौरसिया, के.सी. गुप्ता (छोटू), आकाश गुप्ता (विक्की), सुशील सेन, अनिल आर्ट (अर्जुन गुप्ता) एवं रावेन्द्र सिंह शामिल रहे।

# 5वीं और 8वीं की पुन : परीक्षा के परिणाम आज होंगे घोषित

नवभारत न्यूज

**सतना 06 जुलाई. प्रदेश के राज्य शिक्षा केन्द्र, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कक्षा 5वीं और 8वीं की पुन: परीक्षा का परिणाम 7 जुलाई को दोपहर 2 बजे घोषित किया जाएगा।**

विद्यार्थी एवं अभिभावक राज्य शिक्षा केंद्र के वेब पोर्टल ूणेतोउचण्पदध्तमेनसजणेंचग पर परिणाम देख सकेंगे।

इसके साथ ही इसी पोर्टल पर शिक्षक, संस्था प्रमुख अपनी शाला का विद्यार्थीवार परिणाम भी देख सकेंगे। उल्लेखनीय है कि राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा 16 से 23 जून 2026 के बीच 5वीं और 8वीं की पुन: परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा में प्रदेश के शासकीय, अशासकीय शालाओं एवं पंजीकृत मदरसों के कक्षा 5वीं के 1 लाख 17 हज़ार से अधिक और कक्षा 8वीं के 1 लाख 32 हज़ार से अधिक विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे। इन विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए प्रदेश में कुल 322 केंद्र बनाये गए थे। 17 हज़ार से अधिक मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा अंकों की ऑनलाइन प्रविष्टि पोर्टल पर दर्ज की गई है।

# वर्ल्ड जूनोसिस डे पर 100 स्ट्रीट डॉग्स का एंटी-रेबीज टीकाकरण

**सतना 6 जुलाई.** वर्ल्ड जूनोसिस डे के अवसर पर पशुपालन एवं डेयरी विभाग सतना द्वारा कल्पतरु एनजीओ के सहयोग से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत लगभग 100 स्ट्रीट डॉग्स का एंटी-रेबीज टीकाकरण किया गया।

# महापौर ने कहा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर होगा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स

नवभारत न्यूज

**सतना, 6 जुलाई. राष्ट्रवाद के प्रणेता एवं जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जयंती पर सतना जिले के सभी मण्डलो के सभी बूथो पर कार्यक्रम आयोजित कर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धा सुमन अर्पित कर पूरी श्रद्धा के याद किया गया।**

भाजपा जिलाध्यक्ष पं. भगवती प्रसाद पाण्डेय की अध्यक्षता मे भरहुत नगर स्थित पार्टी कार्यालय मे आयोजित जिलास्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन मे मुख्यवक्ता विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार, महापौर योगेश ताम्रकार, पूर्व जिलाध्यक्ष रामदास मिश्रा, नरेन्द्र त्रिपाठी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान कार्यालय मे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का अवलोकन किया गया साथ ही शहर के दुर्गा पार्क मे वृक्षारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

चित्रकूट विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष विजय यादव, वरिष्ठ नेता रामोराम गुप्ता, पूर्व महापौर राजाराम त्रिपाठी, विमला पाण्डेय, सुस्मिता सिंह परिहार, जयप्रताप गुप्ता की विशेष मौजूदगी मे आयोजित कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष प्रबल श्रीवास्तव एवं आभार प्रदर्शन पिछ?ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष रावेन्द्र सिंह अबेर ने किया। कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान नगर निगम के महापौर योगेश ताम्रकार ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वी जयंती पर सोनौरा स्थिति स्पोर्टस काम्पलेक्स इनडोर स्टेडियम का नामकरण डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी खेल परिषर के नाम पर किये जाने की घोषणा की।

